# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–07 फरवरी 2026** **सान्ध्य समाचार**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत और अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापार समझौते के फ्रेमवर्क को सुखद खबर बताया है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि यह फ्रेमवर्क भारत– अमेरिका साझेदारी की गहराई, विश्वास और गतिशीलता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि इससे महिलाओं और युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित होगें। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने समझौते को भारत की आर्थिक यात्रा में एक महत्वपूर्ण रणनीतिक उपलब्धि बताया। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इस समझौते से नए अवसर खुलेंगे। श्री गोयल ने कहा कि दोनों देशों के बीच 500 अरब डॉलर व्यापार का लक्ष्य है।

***फरवरी 2025 में चर्चा शुरू की थी इस उद्देश्य के साथ कि भारत और यूनाइटेड स्टेट्स पांच सौ बिलियन डॉलर का द्विपक्षीय व्यापार हर वर्ष होना चाहिए। उस लक्ष्य को हासिल करने के लिए आज का दिन स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाए।***

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भारत–अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते की सराहना की है। उन्होंने कहा कि इससे किसानों को पूर्ण संरक्षण प्राप्त होगा। श्री सिंह ने कहा कि किसानों का हित सर्वोपरि है।

***हमारे सारे उत्पाद जो हमारे किसान पैदा करते हैं वो पूरी तरह से सुरक्षित हैं। उलटे निर्यात के लिए हमको बाजार मिलेगा। हमारा बासमती चावल अमरीका में धूम मचाएगा। अठारह परसेंट उस पर टैरिफ घटकर हो गया है। हमारे मसाले जाएंगे, हमारे टैक्सटाइल अगर जाएगा तो कपास के किसानों को फायदा होगा।***

**********

केन्द्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान ने कहा है कि केन्द्रीय बजट दो हजार छब्बीस–सत्ताईस विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने वाला है। वाराणसी में आज एक पत्रकार वार्ता के दौरान श्री पासवान ने कहा कि बजट में ढांचागत विकास, कृषि, स्वास्थ्य सहित सभी क्षेत्रों और जनकल्याण पर विशेष जोर दिया गया है। उन्होंने वाराणसी को मिली हाईस्पीड रेल कनेक्टिविटी की सौगात को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा–

***आदरणीय प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में जब यह हाईस्पीड ट्रेन बढ़ेगी तब दिल्ली से बनारस की दूरी मात्र तीन घंटे की रह जायेगी। एक तो समय का भी बचत होगा और दूसरा विकास की गति और तेज होगी।***

उधर, गोरखपुर में केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री बी.एल. वर्मा ने पत्रकारों से बातचीत में केन्द्रीय बजट के महत्वपूर्ण प्रावधानों पर विस्तार से चर्चा की। श्री वर्मा ने बजट को आम जनता का बजट बताते हुए कहा कि मोदी सरकार ने हर क्षेत्र और हर वर्ग के लिये काम किया है। अम्बेडकरनगर में प्रदेश सरकार के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री गिरीश चन्द्र यादव ने पत्रकार वार्ता में कहा कि केन्द्रीय बजट से उत्तर प्रदेश को सबसे ज्यादा लाभ मिलेगा।

**********

प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण के अंतर्गत केन्द्र सरकार ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को तीन करोड़ सतासी लाख से अधिक आवास की मंजूरी दी है। केन्द्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री डॉ. चंद्र शेखर पेम्मासानी ने कल राज्यसभा में बताया कि इस वर्ष दो फरवरी तक दो करोड़ पंचानबे लाख से अधिक घरों का निर्माण पूरा हो चुका है। उन्होंने बताया कि पिछले पांच वर्ष में दो करोड़ दस लाख छाछठ हजार से अधिक मकानों की मंजूरी दी गई है।

**********

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड–बीसीसीआई ने भारतीय अंडर–नाइन्टीन पुरुष क्रिकेट विश्वकप विजेता टीम, तकनीकी स्टाफ और चयन समिति के लिए साढे सात करोड़ रुपये के पुरस्कार की घोषणा की है। भारत ने कल जिम्बाब्वे के हरारे में खेले गये फाइनल में इंग्लैंड को सौ रन से हराकर रिकॉर्ड छठी बार विश्व कप खिताब जीता था।

**********

कल से लखनऊ छावनी स्थित एएमसी स्टेडियम में शुरू भारतीय सेना की अग्निवीर भर्ती रैली के दूसरे दिन सेना भर्ती कार्यालय लखनऊ के अन्तर्गत आने वाले प्रदेश के तेरह जिलों के लिये अग्निवीर क्लर्क–स्टोरकीपर टेक्निकल श्रेणी की भर्ती रैली हुयी। इसमें आठ सौ चौहत्तर अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया।

**********

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने पीसीएस परीक्षा दो हजार चौबीस के साक्षात्कार का कार्यक्रम जारी कर दिया है। साक्षात्कार सोलह फरवरी से बीस मार्च तक कुल तेइस तिथियों में आयोजित किये जायेंगे। पीसीएस के नौ सौ सैंतालीस पदों के लिये मुख्य परीक्षा में दो हजार सात सौ उन्नीस अभ्यर्थियों को सफल घोषित किया गया है। अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट से साक्षात्कार पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

**********

मथुरा और हरदोई में आज हुए अलग–अलग सड़क हादसे में कुल नौ लोगों की मौत हो गयी। मथुरा में सुरीर थाना क्षेत्र अन्तर्गत यमुना एक्सप्रेस–वे पर तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से छः लोगों की मौत हो गयी जबकि तीन अन्य घायल हो गये। ये सभी लोग दिल्ली से कानपुर देहात जा रही बस से उतर कर सड़क के किनारे खड़े थे। मथुरा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने बताया कि घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच जारी है। उधर, हरदोई के सुरसा थाना क्षेत्र में आज सुबह डम्पर की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार तीन लोगों की मौत हो गयी।

**********